कार्यालय, प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय
नगरपारा, भागलपुर – 853203 (बिहार)

डॉ0 दीपक कुमार (बि0 शि0 से0)
प्र0 प्राचार्य

:- ptecnagarpara17@gmail.com
:- www.ptecnagarpara.org.in

पत्रांक........913....../ नगरपारा, दिनांक...14.12.24

कार्यालय आदेश

राज्य के सरकारी प्रारंभिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों/प्रधानाध्यापकों का सेवाकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय नगरपारा, भागलपुर में संचालित हो रहा है।

शिक्षकों के इन प्रशिक्षणों के बेहतर संचालन हेतु महाविद्यालय को साधनसेवी (**Resource Person**) के रूप में विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों के शिक्षा विभाग अथवा जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों के अवकाश प्राप्त प्रोफेसर/एसोसिएट प्रोफेसर/सहायक प्रोफेसर अथवा **M.A./M.Sc.** एवं एम0एड0 योग्यताधारी साधनसेवी की आवश्यकता है। इस कार्य के लिए साधनसेवी को मानदेय के रूप में रू0 1000/– प्रतिदिन (न्यूनतम दो कक्षा) यात्रा भत्ता सहित भुगतान किया जायेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान साधनसेवी को महाविद्यालय द्वारा भोजन एवं आवासन इत्यादि की सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी।

विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों के शिक्षा विभाग एवं जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों के इच्छुक अवकाश प्राप्त प्रोफेसर/एसोसिएट प्रोफेसर/सहायक प्रोफेसर अथवा **M.A./ M.Sc.** एवं एम0एड0 योग्यताधारी इच्छुक व्यक्ति अपना आवेदन महाविद्यालय के ईमेल आई0डी0 <ptecnagarpara17@gmail.com> पर अथवा हाथों–हाथ कार्यालय में दिनांक 14.12.2024 से 20.12.2024 तक भेज सकते हैं। विस्तृत जानकारी महाविद्यालय के वेबसाइट https://www.ptecnagarpara.org.in/ एवं सूचना पट्ट पर उपलब्ध है।

विभाग द्वारा साधनसेवी उपलब्ध कराने अथवा कोई प्रतिकुल आदेश आने पर या सेवा संतोषजनक नहीं रहने पर किसी भी समय कार्य मुक्त किया जा सकता है।

14/12/24

(डॉ0 दीपक कुमार)
प्रभारी प्राचार्य
प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय
नगरपारा, भागलपुर।

Scanned with OKEN Scanner